# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर)

**पीठासीन अधिकारी :– राम सुख गुर्जर, आर.ए.एस.**

राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्या 04/20176

**प्रार्थीगण**

1. अमरसिंह पुत्र बालसिंह जाति राजपूत उम्र 76 वर्ष निवासी अड़कसर तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर

   1/1– घनश्यामसिंह पुत्र स्व. अमरसिंह जाति राजपूत

   1/2– नारायणसिंह पुत्र स्व. अमरसिंह जाति राजपूत

   1/3– महेन्द्रसिंह पुत्र स्व. अमरसिंह जाति राजपूत निवासीगण अड़कसर

**बनाम**

**अप्रार्थीगण**

1. मगनीराम पुत्र राधाकिशन जाति महाजन
2. गिरधारी पुत्र भानाराम जाति जाट
3. राजूराम पुत्र भानाराम जाति जाट
4. बिदामी देवी पत्नी सोहनलाल जाति ब्राहम्ण
5. राजकुमार पुत्र सोहनलाल जाति ब्राहम्ण
6. विनोद कुमार पुत्र सोहनलाल जाति ब्राहम्ण
7. भानाराम पुत्र डालूराम जाति जाट
8. ज्ञानी देवी पत्नी मानाराम जाति जाट
9. रामलाल पुत्र मानारामा जाति जाट
10. ईसरराम पुत्र मानाराम जाति जाट
11. जवानाराम पुत्र मानाराम जाति जाट
12. किसनाराम पुत्र मानाराम जाति जाट निवासीगण अड़कसर तहसील कुचामनसिटी
13. मैनेजर राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा अड़कसर
14. मैनेजर आई.सी.आई.सी.आई. बैंक शाखा लालास
15. उप पंजीयक कुचामनसिटी
16. राजस्थान सरकार जरीये प्रतिनिधि तहसीलदार कुचामनसिटी (भूमिधारी)
17. मन्दिर श्री जानकी रूघनाथजी जरिये संरक्षक तहसीलदार कुचामनसिटी

**प्रार्थना–पत्र रास्ता दिलाने बाबत अन्तर्गत धारा 251(ए) R.T.Act 1955**

उपस्थित :– श्री राजेश गुर्जर अधिवक्ता प्रार्थीगण की ओर से ।

श्री प्रभूराम गुर्जर एवं श्री विजयसिंह अधिवक्ता अप्राथीगण की ओर से।

**आदेश**

दिनॉक :– 06/06/2017

प्रार्थीगण के प्रार्थना–पत्र का सार संक्षेप में इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण ग्राम अड़कसर तहसील कुचामनसिटी के पुख्ता निवासी है तथा इनकी ग्राम अड़कसर मे कृषि भूमि खसरा नम्बर 699/259 रकबा 5.86 हैक्टर भूमि आई हुई है। ग्राम अड़कसर के खसरा नम्बर 238 रकबा 15.91 हैक्टर अप्रार्थी संख्या 1 ता 12 की कृषि भूमि तथा खसरा नम्बर 240 रकबा 9.97 हैक्टर भूमि अप्रार्थी संख्या 17 के नाम खातेदारी में दर्ज चली आ रही है। प्रार्थीगण को

...2...

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

उपरोक्त खेत में आने–जाने के लिए कोई कटाणी मार्ग रास्ता स्थित नही है, वर्तमान में खसरा नम्बर 238 की उत्तरी सींव के सहारे–सहारे खसरा नम्बर 240 की उत्तरी सीमा के सहारे–सहारे खसरा नम्बर 699/259 की उत्तरी सीमा के सहारे–सहारे खसरा नम्बर 260 जो कि गै. मु.गोचर से जाता है जो कि वर्तमान में चालू है, लेकिन राजस्व रेकर्ड में दर्ज नही है। उपरोक्त रास्ता को गै.मु.रास्ता राजस्व में दर्ज कराना आवश्यक हो गया है इसलिए यह प्रार्थना–पत्र रास्ता बाबत पेश किया जाना आवश्यक है जिसका प्रार्थी हकदार व अधिकारी है। प्रार्थी की इस्तदुआ है कि ग्राम अड़कसर तहसील कुचामनसिटी की सरहद में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 238 रकबा 15.91 हैक्टर की उत्तरी सींव के सहारे–सहारे खसरा नम्बर 240 की उत्तरी सींव के सहारे–सहारे खसरा नम्बर 699/259 की उत्तरी सींव के सहारे–सहारे खसरा नम्बर 260 की सीमा तक 4 मीटर चौड़ाई का रास्ता कायम कर उक्त रास्ते को राजस्व रेकर्ड में दर्ज कर नक्शा ट्रेस में तरमीम किया जाने का आदेश तहसीलदार कुचामनसिटी को प्रदान करावे। है।

प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 से 12 ने प्रार्थना–पत्र स्वीकार करते हुए इकबाली जवाब प्रस्तुत कर सहमति प्रदान की है। अप्रार्थी संख्या 13, 14 के विरूद्व किसी प्रकार का अनुतोष नही चाहा है। अप्रार्थी संख्या 15 द्वारा डी.एल.सी.रिपोर्ट अपने पत्रांक/पंजी/2016/18 दिनॉक 25.01.2017 द्वारा प्रस्तुत की, जो शामिल मिसल उपलब्ध है। अप्रार्थी संख्या 16 मौका रिपोर्ट तैयार कर अपने पत्रांक/भू.अ./2017/182 दिनॉक 07.02.2017 के साथ प्रस्तुत की। जो शामिल मिसल उपलब्ध है। अप्रार्थी संख्या 17 जरिये सरंक्षक तहसीलदार कुचामनसिटी पक्षकार संयोजित है। तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा मौका रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय मन्दिर भूमि के सम्बन्ध में पृथक से किसी प्रकार का जवाब इत्यादि प्रस्तुत नही किया है।

अप्रार्थीगण 1 से 12 ने राजीनामा इकबाली जवाब मय सहमति पत्र प्रस्तुत कर कथन किया है कि प्रार्थीगण को खसरा नम्बर 238 में से उत्तरी सींव के सहारे–सहारे 4 चौड़ाई का रास्ता दिया जाता है तो उन्हे काई ऐजराज नही है तथा वे प्रार्थीगण से किसी प्रकार का मुआवजा प्राप्त नही करना चाहते है, यह रास्ता वर्तमान में चालू है जिसको कटाणी रास्ता दर्ज किया जाता है तो उन्हे कोई आपत्ति नही है। तहसीलदार कुचामनसिटी की रिपोर्ट अनुसार मौका रिपोर्ट में अंकित नजरी नक्शा खसरा नम्बर 238 में लम्बाई 176 X चौड़ाई 4= कुल 704 वर्ग मीटर, खसरा नम्बर 240 में लम्बाई 228 X चौड़ाई 4= कुल 912 वर्ग मीटर, खसरा नम्बर 699/259 में लम्बाई 152 X चौड़ाई 4= कुल 608 वर्ग मीटर बनती है। खसरा नम्बर 699/259 स्वयं प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमि है, प्रस्तावित रास्ते में खसरा नम्बर 240 में एक खेजड़ी का बड़ा पेड़ है तथा खातेदारी मन्दिर श्री जानकी रूघनाथ जी की भूमि है, प्रस्तावित रास्ता खसरा नम्बर 238 में 704 वर्गमीटर खसरा नम्बर 240 में 912 वर्गमीटर खसरा नम्बर 699/259 मे 608 वर्ग मीटर भूमि है मार्क A to B मौके पर रास्ता चालू है।

जमाबन्दी नकल सम्वत 2072–2075 ग्राम अड़कसर खसरा नम्बर 164 रकबा 4.31 हैक्टर, खसरा नम्बर 239 रकबा 0.08 हैक्टर, खसरा नम्बर 240 रकबा 9.97 हैक्टर कुल रकबा 14.36 हैक्टर मन्दिर श्री जानकी रूघनाथ जी वाके देह खातेदार दर्ज है। जमाबन्दी नकल

...3...

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

सम्वत 2072–75 ग्राम अड़कसर खसरा नम्बर 258 रकबा 0.01 हैक्टर, खसरा नम्बर 699/259 रकबा 5.86 हैक्टर कुल रकबा 5.87 हैक्टर में अमरसिंह पुत्र बालसिंह जाति राजपूत सा. देह खातेदार राहिन सेन्ट्रल बैं. ऑफ इण्डिया शाखा कुचामनसिटी मूर्तहीन दर्ज है। जमाबन्दी सम्वत 2072–2075 ग्राम अड़कसर के खसरा नम्बर 165 रकबा 4.51 हैक्टर, खसरा नम्बर 238 रकबा 15.91 हैक्टर कुल रकबा 20.42 हैक्टर में गिरधारीराम पुत्र भानाराम 1/6 हिस्सा राजूराम पुत्र भानाराम 1/6 हि.कौम जाट सा. सुरतपुरा खातेदार बिदामीदेवी पत्नी सोहनलाल 126 हि.राजकुमार विनोदकुमार पि.सोहनलाल 1/6 बिदामीदेवी पत्नी सोहनलाल हि. 1.37 हैक्टर जाति जाट सा.सुरतपुरा ज्ञानीदेवी पत्नी मानाराम रामलाल ईसरराम जवाराराम पि. मानाराम हि.2.95 हैक्टर किसनाराम पुत्र मानाराम हि.0.74 है.जाति जाट सा.सुरेरा हाल अड़कसर मगनीराम पुत्र राधाकिशन 0.06 है.जाति महाजन दा हि.1/3 सा.देह खातेदार राहिन JTGB शाखा अड़कसर, किशनाराम का हिस्सा CBI शाखा कुचामनसिटी, राजकुमार व बिदामीदेवी का हिस्सा ICICI शाखा लालास के नाम दर्ज है। पत्रावली केम्प कोर्ट "न्याय आपके द्वार 2017" ग्राम पंचायत अड़कसर में प्रस्तुत हुई। उभय पक्षकारान केम्प कोर्ट में उपस्थित आये। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात इत्यादि से साफ जाहिर है कि प्रार्थीगण को अपनी कृषि भूमि खसरा नम्बर 699/259 मे आमद रफत हेतु खसरा नम्बर 238 एवं 240 में से रास्ते की आवश्यकता है। प्रार्थीगण अधिवक्ता कथन किया है कि अप्रार्थी संख्या 17 द्वारा किसी प्रकार का जवाब भी प्रस्तुत नही किया है जिससे स्पष्ट है कि खसरा नम्बर 240 मन्दिर की भूमि में से जन उपयोग एवं खातेदारो के लिए रास्ता दिया जाना न्यायहित में उचित प्रतीत होता है। अप्रार्थीगण द्वारा उक्त रास्ता कायम किये जाने पर किसी प्रकार का मुआवजा प्राप्त नही करने का कथन किया है जिससे साबित है कि पक्षकारान आपस में सहमत है। मौका रिपोर्ट अनुसार वर्तमान में प्रश्नगत भूमि रास्ते के उपयोग में आ रही है। मौके पर खसरा नम्बर 240 में खेजड़ी का बड़ा पेड़ है, जिसे सुरक्षित रहने दिया जावे। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना–पत्र स्वीकार योग्य होने से निम्न प्रकार स्वीकार किया जाता है।

## आदेश

ग्राम अड़कसर तहसील कुचामनसिटी के खसरा 699/259 मे आने जाने व आमद रफत हेतु तहसीलदार कुचामनसिटी की मौका रिपोर्ट में अंकित नजरी नक्शा खसरा नम्बर 238 में लम्बाई 176 X चौड़ाई 4= कुल 704 वर्ग मीटर, खसरा नम्बर 240 में लम्बाई 228 X चौड़ाई 4= कुल 912 वर्ग मीटर, खसरा नम्बर 699/259 में लम्बाई 152 X चौड़ाई 4= कुल 608 वर्ग मीटर कुल 2224 वर्ग मीटर का गैर मुमकीन रास्ता (कटाणी) कायम किया जाता है । रास्ता भूमि का मुआवजा अप्रार्थीगण ने सहमति प्रदान कर लेने से इंकार किया है। तहसीदार कुचामनसिटी को राजस्व रेकार्ड में गैर मुमकीन रास्ते का अमल दरामद करने तथा नक्शे में गैर मुमकीन रास्ता दर्ज किये जाने हेतु तहरीर जारी हो । फर्द मौका रिपोट दिनॉक 03.02.2017 आदेश का भाग रहेगी ।

आदेश आज दिनॉक 06/06/2017 को कोर्ट कैम्प आनन्दपुरा में सुनाया गया।

(रामसुख गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)